पंचकूला में खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2021 का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

4 जून, 2022 को हरियाणा के पंचकूला के ताऊ देवी लाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में केंद्रीय गृहमंत्री अमितशाह ने 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2021' के चौथे संस्करण का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2021 का आयोजन 13 जून तक 5 शहरों (पंचकूला, शाहाबाद, अंबाला, चंडीगढ़ और दिल्ली) में आयोजित किया जाएगा, जबकि ताऊ देवी लाल खेल परिसर पंचकूला इन खेल प्रतियोगिताओं का मुख्य आयोजन स्थल है।
- इस आयोजन में भारत के 37 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 2,262 लड़कियों सहित 4,700 से अधिक एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। इन खेलों में कुल 25 खेल होंगे, जिनमें भारत के 5 स्वदेशी खेल- कलारीपयट्टू, थांग-ता, गतका, मल्लखंब और योगासन शामिल हैं।
- इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पहली बार पाँच पारंपरिक खेलों, जैसे- गतका, कलारीपयट्टू, थांग-ता, मलखंब और योगासन को भी शामिल किया गया है।
- गौरतलब है कि खेलो इंडिया गेम्स में पहली बार हरियाणा ने राज्यव्यापी मशाल रैली का भी आयोजन किया। विशेषरूप से डिजाइन किये गए कैंटर ने सभी ज़िलों का दौरा किया और खेलों को बढ़ावा दिया तथा बच्चों को खेल के लिये प्रोत्साहित किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/khelo-india-youth-games,-2021-launched-in-panchkula